# PAPER-II
# VISUAL ART

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D 7 9 1 0**

Time : 1 $^1/_4$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ⬬ (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ⬬ (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।

Art Theory Mastery

## VISUAL ARTS
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Who is influenced by Indian miniature painting ?
(A) Amrita Shergil
(B) Gogi Saroj Pal
(C) Arpana Caur
(D) Madhavi Parikh

**2.** Who has painted "School of Athens" ?
(A) Michael Angelo
(B) Leonardo da Vinci
(C) Raphael
(D) Titian

**3.** Who started his career as cinema poster and cut-outs painter ?
(A) Newton Souza
(B) Satish Gujral
(C) N.S. Bendre
(D) M.F. Hussain

**4.** Raja Ravi Varma's paintings are based on
(A) Cubist Style
(B) Folk Style
(C) Realistic Style
(D) Impressionistic Style

**5.** To which period belongs the seated image of Buddha found from Katra (Mathura) ?
(A) Sunga (B) Kushana
(C) Gupta (D) Pratihar

**6.** Indian text Brihadsamhita was written by
(A) Banabhatta
(B) Kalhana
(C) Kalidas
(D) Varahamihir

**7.** Dhvani Sidhant of Indian aesthetic was propounded by
(A) Anand Vardhan
(B) Bharat Muni
(C) Varaha Mihira
(D) Vishnu Gupta

**8.** Where is located Lad Khan temple ?
(A) Badami
(B) Aihole
(C) Bhumara
(D) Sanchi

**9.** Who created the famous sculpture Apollo and Daphne ?
(A) Bologna (B) Bernini
(C) Donatello (D) Cellini

**10.** Who founded Bharat Bhawan at Bhopal ?
(A) J. Swaminathan
(B) Ashok Bajpai
(C) Manjit Bawa
(D) Newton Souza

**11.** Who sculpted "David" ?
(A) Donatello
(B) Lorenzo Ghiberti
(C) Cellini
(D) Bologna

**12.** Cere-Perdue is a process of casting sculpture in which medium ?
(A) Cement
(B) Metal
(C) Plaster of Paris
(D) Fibre Glass

**13.** Luca Della Robbia is a
(A) Cinematographer
(B) Sculptor
(C) Musician
(D) Dancer

**14.** Jyotsna Bhatt is famous for
(A) Ceramics (B) Painting
(C) Graphic (D) Architecture

**15.** Raghav Kaneria is a disciple of
(A) Sankho Chowdhury
(B) Ramkinkar Baij
(C) Chintamoni Kar
(D) Pradosh Dasgupta

Art Theory Mastery

# दृश्य कला

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** भारतीय लघु चित्रकला से कौन प्रभावित है ?
(A) अमृता शेरगिल
(B) गोगी सरोज पाल
(C) अर्पणा कौर
(D) माधवी पारिख

**2.** 'स्कूल ऑफ एथेंस' नामक चित्र का चित्रकार कौन है ?
(A) माइकल एंजेलो
(B) लियोनार्डो द विंची
(C) रैफेल
(D) टिशियाँ

**3.** सिनेमा पोस्टर तथा कट-आउट चित्रकार के रूप में किसने अपना करियर प्रारम्भ किया ?
(A) न्यूटन सूजा
(B) सतीश गुजराल
(C) एन.एस. बेंद्रे
(D) एम.एफ. हुसैन

**4.** राजा रवि वर्मा के चित्र ______ पर आधारित हैं ।
(A) घनवादी शैली
(B) लोक शैली
(C) यथार्थवादी शैली
(D) प्रभाववादी शैली

**5.** कटरा (मथुरा) से प्राप्त बैठे हुए बुद्ध की मूर्ति किस काल की है ?
(A) शुंग (B) कुषाण
(C) गुप्त (D) प्रतिहार

**6.** भारतीय ग्रंथ 'वृहत् संहिता' का रचयिता कौन है ?
(A) बाणभट्ट
(B) कल्हण
(C) कालिदास
(D) वराहमिहिर

**7.** भारतीय सौंदर्यशास्त्र में ध्वनि सिद्धांत का प्रतिपादक कौन है ?
(A) आनन्दवर्धन
(B) भरतमुनि
(C) वराहमिहिर
(D) विष्णु गुप्त

**8.** लाड खान मंदिर कहाँ अवस्थित है ?
(A) बादामी
(B) अइहोले
(C) भूमरा
(D) साँची

**9.** 'अपोलो एण्ड डेफ्ने' नामक प्रसिद्ध मूर्तिशिल्प का मूर्तिकार कौन है ?
(A) बोलोन्या (B) बर्निनी
(C) दोनातेल्लो (D) सेलिनी

**10.** भारत भवन, भोपाल का संस्थापक कौन है ?
(A) जे. स्वामीनाथन
(B) अशोक बाजपेयी
(C) मंजीत बावा
(D) न्यूटन सूज़ा

**11.** 'डेविड' का मूर्तिकार कौन है ?
(A) दोनातेल्लो
(B) लोरेंजो गिबर्ती
(C) सेलिनी
(D) बोलोना

**12.** सिरे-पर्दू किस माध्यम में मूर्ति ढालने की तकनीक है ?
(A) सीमेन्ट
(B) धातु
(C) प्लास्टर ऑफ पेरिस
(D) फाइबर ग्लास

**13.** लूसा डेला रोबिया एक है
(A) सिनेमेटोग्राफर
(B) मूर्तिकार
(C) संगीतकार
(D) नर्तक

**14.** ज्योत्स्ना भट्ट किसके लिए प्रसिद्ध हैं ?
(A) सिरेमिक्स (B) चित्रकला
(C) ग्राफिक (D) वास्तुकला

**15.** राघव कन्हेरिया किसके शिष्य हैं ?
(A) शंखो चौधरी
(B) रामकिंकर बैज
(C) चिन्तामणि कर
(D) प्रदोष दासगुप्ता

Art Theory Mastery

16. Typography was invented by whom ?
(A) John Senefelder
(B) Nippe
(C) John Guttenberg
(D) John Zimmermann

17. In letter press printing types are made of which metal ?
(A) Lead (B) Zinc
(C) Copper (D) Rubber

18. Four Colour Offset Printing Machine was first invented in which country ?
(A) France (B) England
(C) Germany (D) Sweden

19. What is the maximum point size in typography ?
(A) 6 points (B) 12 points
(C) 72 points (D) 96 points

20. From the following, who is known for lithographic posters ?
(A) Pablo Picasso
(B) E. Alkazi
(C) Toulouse Lautrec
(D) Degas

21. Name the famous European painter who depicted invariably long neck of female figures.
(A) Picasso
(B) Modigliani
(C) Max Ernst
(D) France Halls

22. Mannerism occurred between which two epochs ?
(A) Gothic and Renaissance
(B) Renaissance and Baroque
(C) Baroque and Rococo
(D) Neoclassicism and Romanticism

23. William Blake represents to which phase of art ?
(A) Romanticism
(B) Impressionism
(C) Surrealism
(D) Futurism

24. Where is the famous terracotta temple ?
(A) Vishnupur (B) Nalanda
(C) Bhitargaon (D) Bodhgaya

25. Who is the director of recent movie AVTAR ?
(A) James Cameroon
(B) Stephen Spillberg
(C) Meera Nayar
(D) Karan Johar

26. **Assertion (A) :** Jamini Roy was inspired by folk style of painting.
**Reason (R) :** Jamini Roy was a traditional painter.
(A) (A) is correct and (R) is not correct.
(B) (A) is correct and (R) is also correct.
(C) (A) is not correct and (R) is correct.
(D) (A) is incorrect and (R) is also incorrect.

27. **Assertion (A) :** Ajanta painting depicts the life of Buddha and Bodhisattvas.
**Reason (R) :** Because it was painted by Buddhist painters.
(A) (A) and (R) both are correct.
(B) (A) and (R) both are incorrect.
(C) (A) is correct and (R) is not correct.
(D) (A) is incorrect and (R) is correct.

28. **Assertion (A) :** Mrinalini Mukherjee's works possesses a remarkable quality of fluidity.
**Reason (R) :** Because the images merge into and emerge out of each other in a highly rhythmic relationship.
(A) (A) is not correct and (R) is correct.
(B) (A) is incorrect and (R) is also incorrect.
(C) (A) is correct and (R) is not correct.
(D) (A) and (R) both are correct.

Art Theory Mastery

16. टाइपोग्राफी का आविष्कार किसने किया ?
(A) जॉन सेनेफेल्डर
(B) निप्पे
(C) जॉन गुटेनबर्ग
(D) जॉन ज़िमरमान

17. लेटर प्रेस प्रिंटिंग में टाइप किस धातु से निर्मित होते हैं ?
(A) लेड (B) ज़िंक
(C) ताँबा (D) रबर

18. चार रंगों की ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन का आविष्कार किस देश में हुआ ?
(A) फ्रांस (B) इंग्लैंड
(C) जर्मनी (D) स्वीडन

19. टाइपोग्राफी में सबसे बड़ा पॉइंट साइज़ क्या होता है ?
(A) 6 पॉइंट (B) 12 पॉइंट
(C) 72 पॉइंट (D) 96 पॉइंट

20. निम्नलिखित में से कौन लिथोग्राफ पोस्टर के लिए प्रसिद्ध है ?
(A) पैब्लो पिकासो
(B) ई. अल्काजी
(C) तुलूज़ लावे
(D) डेगा

21. उस प्रसिद्ध यूरोपीय चित्रकार का नाम बताएँ जो नारी-आकृतियों में सदैव लम्बी गर्दन का चित्रांकन करता था ।
(A) पिकासो
(B) मोदिग्लियानी
(C) मैक्स अर्न्स्ट
(D) फ्रांस हॉल्स

22. रीतिवाद निम्नलिखित में से किन दो युगों के बीच अस्तित्व में आया ?
(A) गोथिक और रेनेसां
(B) रेनेसां और बरोक
(C) बरोक और रोकोको
(D) नवशास्त्रीयतावाद और रोमांसवाद

23. विलियम ब्लेक कला के किस वाद का प्रतिनिधित्व करते हैं ?
(A) रोमांसवाद
(B) प्रभाववाद
(C) अतियथार्थवाद
(D) भविष्यवाद

24. प्रसिद्ध टेराकोटा मन्दिर कहाँ है ?
(A) विष्णुपुर (B) नालन्दा
(C) भितरगाँव (D) बोधगया

25. नयी फिल्म 'अवतार' का निर्देशक कौन है ?
(A) जेम्स कैमरून
(B) स्टीफन स्पिलबर्ग
(C) मीरा नायर
(D) करन जौहर

26. **अभिकथन** (A) : जैमिनी राय चित्रकला की लोकशैली से प्रेरित थे ।
**कारण** (R) : जैमिनी राय एक पारम्परिक चित्रकार थे ।
(A) (A) सही है तथा (R) गलत है ।
(B) (A) सही है तथा (R) भी सही है ।
(C) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(D) (A) गलत है तथा (R) भी गलत है ।

27. **अभिकथन** (A) : अजन्ता की चित्रकला में बुद्ध और बोधिसत्वों का अंकन है ।
**कारण** (R) : क्योंकि इन्हें बौद्ध चित्रकारों ने चित्रित किया था ।
(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।
(C) (A) सही है तथा (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है तथा (R) सही है ।

28. **अभिकथन** (A) : मृणालिनी मुखर्जी की कृतियाँ तरलता के विलक्षण गुण से पूरित हैं ।
**कारण** (R) : चूँकि आकृतियाँ उच्च लयात्मक स्वरूप में एक-दूसरे में विलीन हो जाती हैं तथा एक-दूसरे से उभर कर आ जाती हैं ।
(A) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(B) (A) गलत है तथा (R) भी गलत है ।
(C) (A) सही है तथा (R) गलत है ।
(D) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

Art Theory Mastery

29. **Assertion (A) :** Creative impulse is the primary force in all the arts.

**Reason (R) :** The artist experiences the pleasure of supreme power.

(A) (A) and (R) both are correct.
(B) (A) is not correct and (R) is also not correct.
(C) (A) is not correct and (R) is correct.
(D) (A) is correct and (R) is not correct.

30. **Assertion (A) :** Kangra miniature painting is famous because it is too serene and naïve.

**Reason (R) :** Because it is based on the Indian poetic metaphor and precision of the Mughal miniature.

(A) (A) and (R) both are correct.
(B) (A) is correct and (R) is incorrect.
(C) (A) is not correct and (R) is correct.
(D) (A) is incorrect and (R) is also incorrect.

31. **Assertion (A) :** Indian traditional art is strong.

**Reason (R) :** Because of its rich cultural background.

(A) (A) and (R) are not correct.
(B) (A) is correct and (R) is also correct.
(C) (A) is not correct and (R) is correct.
(D) (A) is correct and (R) is incorrect.

32. **Assertion (A) :** Advertising are impersonal.

**Reason (R) :** Because Advertising is sponsored to disseminate information pertaining product.

(A) (A) and (R) are not correct.
(B) (A) and (R) both are correct.
(C) (A) is not correct and (R) is correct.
(D) (A) is correct and (R) is incorrect.

33. **Assertion (A) :** Hoarding is a medium of outdoor publicity.

**Reason (R) :** Now a days it can be seen in the newspapers also.

(A) (A) is correct and (R) is not correct.
(B) (A) is correct and (R) is also correct.
(C) (A) is not correct and (R) is correct.
(D) (A) is incorrect and (R) is also incorrect.

34. **Assertion (A) :** Plato said all arts are bad as they are twice removed from truth.

**Reason (R) :** Because they are imitation of imitation.

(A) (A) is correct and (R) is not correct.
(B) (A) is correct and (R) is also correct.
(C) (A) is not correct and (R) is correct.
(D) (A) is incorrect and (R) is also incorrect.

35. **Assertion (A) :** Printing press was brought by the missionaries for Ethiopia but by accident it reached Goa.

**Reason (R) :** Missionary brought the printing press for religious propaganda in Goa.

(A) (A) is correct and (R) is not correct.
(B) (A) is correct and (R) is also correct.
(C) (A) is not correct and (R) is correct.
(D) (A) is incorrect and (R) is also incorrect.

36. Select the correct sequence in order of seniority :

(A) B.C. Sanyal, V.S. Gaitonde, Abanindranath Tagore, Gopal Ghose
(B) Abanindranath Tagore, Gopal Ghose, B.C. Sanyal, V.S. Gaitonde
(C) Gopal Ghose, Abanindranath Tagore, B.C. Sanyal, V.S. Gaitonde
(D) B.C. Sanyal, Abanindranath Tagore, V.S. Gaitonde, Gopal Ghose

Art Theory Mastery

29. **अभिकथन (A) :** सृजनात्मक आवेग समस्त कलाओं में एक प्रमुख बल है ।

**कारण (R) :** कलाकार सर्वोच्च सत्ता के आनन्द को अनुभूत करता है ।

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) गलत है तथा (R) भी गलत है ।
(C) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(D) (A) सही है तथा (R) गलत है ।

30. **अभिकथन (A) :** कांगड़ा की लघु चित्रकला अत्यधिक निश्छल तथा प्रशान्त होने के कारण प्रसिद्ध है ।

**कारण (R) :** क्योंकि यह भारतीय काव्यात्मक रूपकों तथा मुगल लघुचित्रों की सुव्यक्तता पर आधारित है ।

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) सही है तथा (R) गलत है ।
(C) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(D) (A) गलत है तथा (R) भी गलत है ।

31. **अभिकथन (A) :** भारतीय पारम्परिक कला सशक्त है ।

**कारण (R) :** ऐसा इसकी समृद्ध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के कारण है ।

(A) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।
(B) (A) सही है तथा (R) भी सही है ।
(C) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(D) (A) सही है तथा (R) गलत है ।

32. **अभिकथन (A) :** विज्ञापन अवैयक्तिक होता है ।

**कारण (R) :** क्योंकि विज्ञापन को उत्पाद से संबंधित सूचना के प्रसार के लिए प्रायोजित किया जाता है ।

(A) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(C) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(D) (A) सही है तथा (R) गलत है ।

33. **अभिकथन (A) :** होर्डिंग आउटडोर पब्लिसिटी का एक माध्यम है ।

**कारण (R) :** आजकल इसे समाचार-पत्रों में भी देखा जा सकता है ।

(A) (A) सही है तथा (R) गलत है ।
(B) (A) सही है तथा (R) भी सही है ।
(C) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(D) (A) गलत है तथा (R) भी गलत है ।

34. **अभिकथन (A) :** प्लैटो के अनुसार सारी कलाएँ बुरी हैं क्योंकि वे सत्य से दो बार दूर हैं ।

**कारण (R) :** क्योंकि वे अनुकरण का अनुकरण हैं ।

(A) (A) सही है तथा (R) गलत है ।
(B) (A) सही है तथा (R) भी सही है ।
(C) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(D) (A) गलत है तथा (R) भी गलत है ।

35. **अभिकथन (A) :** मिशनरियों द्वारा प्रिंटिंग प्रेस को यूथोपिया के लिए लाया गया था, परन्तु गलती से वह गोवा पहुँच गया ।

**कारण (R) :** मिशनरियों द्वारा प्रिंटिंग प्रेस को गोवा में धार्मिक प्रोपेगैंडा के लिए लाया गया था ।

(A) (A) सही है तथा (R) गलत है ।
(B) (A) सही है तथा (R) भी सही है ।
(C) (A) गलत है तथा (R) सही है ।
(D) (A) गलत है तथा (R) भी गलत है ।

36. वरिष्ठता के क्रम में सही अनुक्रम चुनिए :

(A) बी.सी. सान्याल, वी.एस. गायतोंडे, अवनीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल घोष
(B) अवनीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल घोष, बी.सी. सान्याल, वी.एस. गायतोंडे
(C) गोपाल घोष, अवनीन्द्रनाथ टैगोर, बी.सी. सान्याल, वी.एस. गायतोंडे
(D) बी.सी. सान्याल, अवनीन्द्रनाथ टैगोर, वी.एस. गायतोंडे, गोपाल घोष

Art Theory Mastery

**37.** Select the correct sequence in chronological order :

(A) Jackson Pollock, Duchamp, Cezanne, Courbet

(B) Courbet, Duchamp, Cezanne, Jackson Pollack

(C) Courbet, Cezanne, Duchamp, Jackson Pollack

(D) Cezanne, Courbet, Duchamp, Jackson Pollack

**38.** Select the correct sequence in geographical order North to South :

(A) Martand Sun Temple, Golden Temple, Qutb Minar, Minakshi Temple

(B) Golden Temple, Qutb Minar, Martand Sun Temple, Minakshi Temple

(C) Qutb Minar, Golden Temple, Martand Sun Temple, Minakshi Temple

(D) Martand Sun Temple, Qutb Minar, Minakshi Temple, Golden Temple

**39.** Select the correct sequence of colours occurred in rainbow :

(A) Blue, Indigo, Violet, Green

(B) Indigo, Blue, Green, Violet

(C) Green, Violet, Indigo, Blue

(D) Violet, Indigo, Blue, Green

**40.** Select the correct sequence of Vishnu avatar under ten incarnation concept :

(A) Varah, Nrisimha, Matsya, Kurma

(B) Kurma, Varah, Nrisimha, Matsya

(C) Matsya, Kurma, Varah, Nrisimha

(D) Matsya, Kurma, Nrisimha, Varah

**41.** Select the correct order of six limbs of Indian painting :

(A) Rupabheda, Praman, Bhava, Lavanyayojna

(B) Praman, Bhava, Lavanyayojna, Rupabheda

(C) Bhava, Lavanyayojna, Praman, Rupabheda

(D) Lavanyayojna, Praman, Bhava, Rupabheda

**42.** Select the correct chronological sequence in ascending order :

(A) Baumgarten, Hegel, Croce, Freud

(B) Hegel, Croce, Freud, Baumgarten

(C) Croce, Freud, Baumgarten, Hegel

(D) Freud, Baumgarten, Hegel, Croce

**43.** Select the chronological order of the advertising agencies :

(A) HTA, Redifussion, O&M, Lintas

(B) Lintas, HTA, O&M, Redifussion

(C) Redifussion, O&M, Lintas, HTA

(D) HTA, O&M, Redifussion, Lintas

**44.** Select the correct chronological sequence in descending order :

(A) Stella Kramrisch, E.B. Havel, Percy Brown, A.K. Coomaraswamy

(B) Percy Brown, A.K. Coomaraswamy, Stella Kramrisch, E.B. Havel

(C) Stella Kramrisch, A.K. Coomaraswamy, Percy Brown, E.B. Havel

(D) E.B. Havel, Percy Brown, A.K. Coomaraswamy, Stella Kramrisch

Art Theory Mastery

**37.** कालक्रमानुसार सही अनुक्रम चुनिए :

(A) जैक्सन पोलक, दुशां, सेजां, कूर्बे

(B) कूर्बे, दुशां, सेजां, जैक्सन पोलक

(C) कूर्बे, सेजां, दुशां, जैक्सन पोलक

(D) सेजां, कूर्बे, दुशां, जैक्सन पोलक

**38.** उत्तर से दक्षिण की ओर के भौगोलिक क्रम में निम्नलिखित में से कौन सा सही क्रम है ?

(A) मार्तण्ड सूर्य मंदिर, स्वर्ण मंदिर, कुतुब मीनार, मीनाक्षी मंदिर

(B) स्वर्ण मंदिर, कुतुब मीनार, मार्तण्ड सूर्य मंदिर, मीनाक्षी मंदिर

(C) कुतुब मीनार, स्वर्ण मंदिर, मार्तण्ड सूर्य मंदिर, मीनाक्षी मंदिर

(D) मार्तण्ड सूर्य मंदिर, कुतुब मीनार, मीनाक्षी मंदिर, स्वर्ण मंदिर

**39.** इन्द्रधनुष के रंगों का सही क्रम पहचानिए :

(A) नीला, आसमानी, बैंगनी, हरा

(B) आसमानी, नीला, हरा, बैंगनी

(C) हरा, बैंगनी, आसमानी, नीला

(D) बैंगनी, आसमानी, नीला, हरा

**40.** विष्णु के अवतारों की दशावतार की संकल्पना का सही अनुक्रम पहचानिए :

(A) वराह, नृसिंह, मत्स्य, कूर्म

(B) कूर्म, वराह, नृसिंह, मत्स्य

(C) मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह

(D) मत्स्य, कूर्म, नृसिंह, वराह

**41.** भारतीय चित्रकला के षडांगों का सही क्रम पहचानिए :

(A) रूपभेद, प्रमाण, भाव, लावण्य योजना

(B) प्रमाण, भाव, लावण्य योजना, रूपभेद

(C) भाव, लावण्य योजना, प्रमाण, रूपभेद

(D) लावण्य योजना, प्रमाण, भाव, रूपभेद

**42.** आरोही क्रम में सही कालानुक्रम चुनिए :

(A) बौमगार्टेन, हेगेल, क्रोसे, फ्रायड

(B) हेगेल, क्रोसे, फ्रायड, बौमगार्टेन

(C) क्रोसे, फ्रायड, बौमगार्टेन, हेगेल

(D) फ्रायड, बौमगार्टेन, हेगेल, क्रोसे

**43.** निम्नलिखित विज्ञापन एजेंसियों का सही कालानुक्रम चुनिए :

(A) एच.टी.ए., रिडिफ्यूजन, ओ. एण्ड एम., लिंटास

(B) लिंटास, एच.टी.ए., ओ. एण्ड एम., रिडिफ्यूजन

(C) रिडिफ्यूजन, ओ. एण्ड एम., लिंटास, एच.टी.ए.

(D) एच.टी.ए., ओ. एण्ड एम., रिडिफ्यूजन, लिंटास

**44.** अवरोही क्रम में सही कालानुक्रम चुनिए :

(A) स्टेला क्रैमरिश, ई.बी. हैवेल, पर्सी ब्राउन, ए.के. कुमारस्वामी

(B) पर्सी ब्राउन, ए.के. कुमारस्वामी, स्टेला क्रैमरिश, ई.बी. हैवेल

(C) स्टेला क्रैमरिश, ए.के. कुमारस्वामी, पर्सी ब्राउन, ई.बी. हैवेल

(D) ई.बी. हैवेल, पर्सी ब्राउन, ए.के. कुमारस्वामी, स्टेला क्रैमरिश

Art Theory Mastery

**45.** Select the correct chronological order of the following Renaissance Paintings :

(A) Trinity, Birth of Venus, Virgin of the Rocks, Last Judgement

(B) Birth of Venus, Virgin of the Rocks, Last Judgement, Trinity

(C) Virgin of the Rocks, Last Judgement, Trinity, Birth of Venus

(D) Last Judgement, Trinity, Virgin of the Rocks, Birth of Venus

**46.** Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Realism | (i) | Sigmund Freud |
| (b) | Representation | (ii) | Clive Bell |
| (c) | Libido | (iii) | Aristotle |
| (d) | Formalism | (iv) | Apollinaire |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**47.** Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Copywriting | (i) | Printer |
| (b) | Laser print | (ii) | Image editing |
| (c) | Operating system | (iii) | Advertisement |
| (d) | Photoshop | (iv) | Computer |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**48.** Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Gate of Paradise | (i) | Picasso |
| (b) | Pieta | (ii) | Rodin |
| (c) | Thinker | (iii) | Michelangelo |
| (d) | Baboon and Young | (iv) | Lorenzo Ghiberti |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**49.** Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Black Pagoda | (i) | Mughal Gardens |
| (b) | Sarnath Lion Capital | (ii) | Chola Bronze |
| (c) | Natraj | (iii) | National Emblem |
| (d) | Charbagh | (iv) | Konark Sun Temple |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**50.** Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Devraj Dakoji | (i) | Art Critic |
| (b) | Mahendra Pandya | (ii) | Sculptor |
| (c) | Rameshwar Bruta | (iii) | Print maker |
| (d) | Keshav Mallik | (iv) | Painter |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

Art Theory Mastery

**45.** निम्नलिखित रिनैसां चित्रों का सही कालानुक्रम चुनिए :

(A) ट्रिनिटी, बर्थ ऑफ वीनस, वर्जिन ऑफ दि रॉक्स, लास्ट जजमेंट

(B) बर्थ ऑफ वीनस, वर्जिन ऑफ दि रॉक्स, लास्ट जजमेंट, ट्रिनिटी

(C) वर्जिन ऑफ दि रॉक्स, लास्ट जजमेंट, ट्रिनिटी, बर्थ ऑफ वीनस

(D) लास्ट जजमेंट, ट्रिनिटी, वर्जिन ऑफ दि रॉक्स, बर्थ ऑफ वीनस

**46.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) यथार्थवाद | (i) सिग्मण्ड फ्रायड |
| (b) प्रतिरूपण | (ii) क्लाइव बेल |
| (c) लिबिडो | (iii) अरस्तू |
| (d) रूपवाद | (iv) अपोलेनेयर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**47.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) कॉपीराइटिंग | (i) प्रिंटर |
| (b) लेज़र प्रिंट | (ii) इमेज एडिटिंग |
| (c) ऑपरेटिंग सिस्टम | (iii) विज्ञापन |
| (d) फोटोशॉप | (iv) कंप्यूटर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**48.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) गेट ऑफ पैराडाइज | (i) पिकासो |
| (b) पिएटा | (ii) रोदां |
| (c) थिंकर | (iii) माइकलएंजेलो |
| (d) बबून एण्ड यंग | (iv) लोरेंजो ग़िबर्ती |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**49.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) ब्लैक पैगोड़ा | (i) मुगल उद्यान |
| (b) सारनाथ सिंह-शीर्ष | (ii) चोल कांस्य मूर्ति |
| (c) नटराज | (iii) राष्ट्रीय प्रतीक |
| (d) चारबाग | (iv) कोणार्क सूर्य मंदिर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**50.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) देवराज डकोजी | (i) कला समीक्षक |
| (b) महेंद्र पण्ड्या | (ii) मूर्तिकार |
| (c) रामेश्वर ब्रूटा | (iii) प्रिंट मेकर |
| (d) केशव मलिक | (iv) चित्रकार |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

Art Theory Mastery

**Space For Rough Work**

Art Theory Mastery